# कैबिनेट में उठा लैंड पूलिंग का मामला

## सरकार के लिये किसानों का हित सर्वोपरि : सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 नवंबर. मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट में सिंहस्थ लैंड पूलिंग योजना का मामला छाया रहा. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को बीती रात हुई बैठक का ब्यौरा दिया और बताया कि आखिर ये मामला क्यों वापस लिया गया. उन्होंने कहा कि सरकार के लिये किसानों का हित सर्वोपरि है. उनकी सहमति के बगैर सरकार कोई काम नहीं करेगी.**

उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े मेले सिंहस्थ 2028 का आयोजन पूर्ण गरिमा-गौरव-भव्यता और दिव्यता के साथ करने के लिए साधु संतों, जिला प्रशासन, अन्य राज्यों में हुए कुंभ एवं सिंहस्थ के व्यवस्थापकों तथा स्थानीय किसानों के सुझाव लेकर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. लैंड पूलिंग के विषय पर स्थानीय किसानों के विचारों के अनुसार कार्य किया जाएगा.

बाद में कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैबिनेट में इस संबंध में हुई



चर्चा को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि सिंहस्थ क्षेत्र के लिये सिर्फ लैंड पूलिंग एक्ट वापस लिया गया है. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग इस पर काम करेगा, तब सारी चीजें सामने आएंगी. आप इस मामले में आश्वस्त रह सकते हैं, वहां चारों तरफ सिंहस्थ को लेकर चर्चा चल रही है. सिक्स लेन, फोर लेन रोड बन रहे हैं. फ्लायओवर,घाट बन रहे हैं. उसके साथ ही ज्यादा बेहतर व्यवस्थाएं हो सकें, उसके लिये जो निर्णय हुए थे, उसमें से लैंड पूलिंग एक्ट को वापस लिया गया है.

### 5 हजार छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती होगी

अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य विषयों पर चर्चा की. उन्होंने मंत्रियों को बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित सभी कन्या छात्रावास और आश्रमों का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा. बालक छात्रावासों का नाम भी महाराजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के नाम पर रखा जाएगा. उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में 5 हजार छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती होगी. सीएम ने इंदौर में हुए एमपी टेक ग्रोथ को लेकर भी जानकारी साझा की.

> सिंहस्थ मेला क्षेत्र के विकास के संबंध में किसानों की भावना और उनकी सहमति के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएंगी. केन्द्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार के उचित नियोजन के परिणामस्वरूप सिंहस्थ के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं. सिंहस्थ का आयोजन विश्वस्तरीय है और इसके लिए विश्वस्तरीय प्रबंधन किए जा रहे हैं. भविष्य में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की विषम परिस्थिति निर्मित न हो, इसके लिए सभी तरह के प्रबंध राज्य सरकार कर रही है. सिंहस्थ - 2028 की व्यवस्थाएं अब तक के सभी मेलों से बेहतर होगी.

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में भी मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि इस बार उज्जैन में भव्य, दिव्य और विश्व स्तरीय सिंहस्थ- 2028 मेले का आयोजन किया जाएगा. राज्य सरकार इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पर गंभीरता के साथ कार्य कर रही है. अब उज्जैन सिर्फ हमारा धार्मिक शहर ही नहीं, बल्कि यह धार्मिक पर्यटन और ज्ञान-विज्ञान के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है

# रेत माफिया ने डायल 112 के चालक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मुरैना.** जिले के सिविल लाइंस थाने में पदस्थ डायल 112 वाहन के चालक देवदत्त माहेश्वरी की रेत माफिया द्वारा सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर की गई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह घटना जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है. देवदत्त माहेश्वरी इन दिनों अपने निजी भवन का निर्माण कार्य कर रहे हैं. बताया गया है कि उन्होंने भवन निर्माण के लिए अवैध रूप से संचालित एक रेत मंडी से रेत की ट्राली मंगवाई थी. जब रेत कारोबारी ने उनसे पैसे मांगे, तो माहेश्वरी ने यह कहते हुए भुगतान करने से मना कर दिया कि रेत अवैध है. ट्रैक्टर चालक बिना पैसे लिए वापस लौट गया और मौके की तलाश में रहा.

# किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभागार में सोमवार को आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने लैंड पूलिंग एक्ट और किसानों से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार को कड़े शब्दों में घेरा. इस दौरान उपाध्यक्ष ( संगठन ) एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, विधायक महेश परमार, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन जिला प्रभारी अमित शर्मा तथा उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी उपस्थित रहे.**

विधायक महेश परमार ने उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट की वापसी को किसानों की 'ऐतिहासिक जीत' बताया. उनका कहना था कि यह एक्ट क्षेत्र के करीब 19 गांवों की जमीन बिना उचित मुआवज़े और बिना सहमति के अधिग्रहित करने का प्रयास था. लगातार आंदोलनों, जनजागरण, विरोध-प्रदर्शनों और विधानसभा में उठाए गए सवालों के बाद सरकार को पीछे हटना पड़ा. परमार ने इसे केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून वापस लेने जैसी स्थिति बताया.



> उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल किया कि दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के दौरान इस एक्ट को विधिवत वापस क्यों नहीं कराया गया. क्या इसकी वापसी सिर्फ उज्जैन तक सीमित है या पूरे प्रदेश के लिए लागू होगी? साथ ही उन्होंने मांग की कि क्या यूपीए सरकार द्वारा लागू चार गुना मुआवज़े का प्रावधान पुन: बहाल किया जाएगा. पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने भाजपा सरकार पर उद्योगपतियों के हित में किसान विरोधी नीतियाँ अपनाने का आरोप लगाया. धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कांग्रेस की किसान हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ी है.

# हवाला कांड में डीएसपी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी.** मध्यप्रदेश के चर्चित 2.96 करोड़ रुपये के सिवनी हवाला कांड में एसआईटी जबलपुर ने मंगलवार को चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया. अदालत ने सभी को 20 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. क्राइम ब्रांच जबलपुर के एएसपी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि नवीन गिरफ्तार आरोपियों में बालाघाट हॉक फोर्स में पदस्थ सीएसपी पंकज मिश्रा, आरक्षक प्रमोद सोनी, हवाला कारोबारी पंजू गिरी गोस्वामी और मुख्य आरोपी सीएसपी पूजा पांडे के जीजा वीरेन्द्र दिक्षित शामिल हैं. जांच में सभी की भूमिका इस प्रकरण में षड्यंत्रकर्ता के रूप में सामने आई है. गौरतलब है कि मुख्य आरोपी सीएसपी पूजा पांडे रीवा जेल में बंद हैं, जबकि अन्य गिरफ्तार पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है. इससे पहले एसआईटी ने कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

# महाकाल मंदिर में भेंट किया 25 किलो चांदी से निर्मित द्वार



**उज्जैन.** कलकत्ता से पधारे महाकाल बाबा के परमभक्त श्रीमतीनिभा प्रकाश द्वारा महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के गर्भगृह में 25 किलों चांदी से निर्मित, नवीन मुख्य चांदी द्वार भेंट किया. भूषण गुरुजी की प्रेरणा से अभिभूत हो कलकत्ता से निभा प्रकाश द्वारा यह चांदी का द्वारा महाकाल बाबा को समर्पण किया गया.

# रेलवे की सुरक्षा पर विचार-विमर्श

## महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने ली समीक्षा बैठक

**भोपाल, 18 नवंबर. पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार 18 नवम्बर को सेफ्टी रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में संरक्षा, समयपालनता, स्टेशन पुनर्विकास, अधोसंरचना निर्माण कार्यो एवं रेलवे के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।**

इसके अलावा रेल कर्मियों को शर्दियों के मौसम में कोहरे के समय सेफ्टी अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित कार्यो एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक बंदोपाध्याय ने कहा कि संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन हमारी प्राथमिकता है.

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधोसरंचना कार्यो की समीक्षा के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही.



### रेलवे को 395 करोड़ का राजस्व प्राप्त

पश्चिम मध्य रेल भोपाल मण्डल के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है. डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया और सीनियर डीओएम रोहित मालवीय के नेतृत्व में बेहतर प्रदर्शन करते हुए भोपाल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर तक यानि सात माह में माल यातायात से 395 करोड़ रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया.



# कलेक्टर मित्तल को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार से किया सम्मानित

**खरगोन, 18 नवंबर. खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल को जल संरक्षण कार्यों के लिए पश्चिम क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का 6वे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है.**

जिले में 4.21 लाख जलसंरचनाएं निर्मित कर 2.31 करोड़ घनमीटर जल भंडारण क्षमता बढ़ाई गई है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में कलेक्टर सुश्री मित्तल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.


सत्यमेव जयते
भारत सरकार

उन्नत कृषि, समृद्ध किसान
विकसित भारत का निर्माण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा
पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत
₹18,000 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि
9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर एवं
दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 का उद्घाटन

19 नवम्बर, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | कोयम्बत्तूर, तमिलनाडु

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**
- किसानों के खातों में तीन समान किस्तों में **प्रतिवर्ष ₹6,000** की सीधी सहायता
- अब तक **₹3.90 लाख करोड़ से अधिक की राशि** सीधे **किसानों** के बैंक खातों में ट्रांसफर
- पीएम किसान के लाभार्थियों में **25% महिला किसान**
- विश्व की सबसे बड़ी **डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांफसर (DBT)** योजनाओं में से एक
- पीएम किसान के **85%** से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान

**कृषि में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ**
- बीते 11 वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन 246 मिलियन टन से बढ़कर **354 मिलियन टन** हुआ
- **25 करोड़** से अधिक **सॉइल हेल्थ कार्ड**
- **100 लाख हेक्टेयर** में सूक्ष्म सिंचाई
- **₹2 लाख करोड़** की फसल बीमा सहायता
- राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत **55 हज़ार** से अधिक किसानों का प्रमाणीकरण
- पिछले 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह ₹ 6.35 लाख करोड़ से बढ़कर करीब **₹16 लाख करोड़** हुआ
- नई तकनीक, एफपीओ, किसानों की डिजिटल आईडी, पीएम आशा और एआईएफ के साथ ग्रामीण भारत में बड़ा सकारात्मक बदलाव

**कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश**
- ₹24,000 करोड़ की राशि से **प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना** संचालित
- ₹11,440 करोड़ की राशि से **दलहन आत्मनिर्भरता मिशन** को प्रोत्साहन
- पिछले 11 वर्षों में कृषि बजट में लगभग **5 गुना** बढ़ोतरी, ₹22,000 करोड से बढ़कर **₹1.27 लाख करोड़** हुआ
- पिछले 11 वर्षों में लगभग **₹14 लाख करोड़ की उर्वरक सब्सिडी** से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद की आपूर्ति

CBC 01102/13/0007/2526

बीज से बाजार तक भारत सरकार किसानों के साथ





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14